Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include Nagar Palika Parishad Belha, Pratapgarh under AMRUT scheme.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आज शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि मेरा लोकसभा क्षेत्र जो रामायण सर्किट के जनपद अयोध्या, प्रयागराज और चित्रकूट के मध्य में स्थित है। प्रतापगढ़ की नगरीय आबादी वर्तमान समय मे एक लाख से ऊपर की हो गयी है, किन्तु आजादी के 74 वर्षों बाद भी अभी तक मेरे लोकसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ का सुनियोजित विकास नहीं हो सका है और अभी भी नगर क्षेत्र की जनता शुद्ध पेयजल, सीवर लाइन, विद्युतीकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रही है।

वर्तमान समय में नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के नगरीय क्षेत्र का सीमा विस्तार हो जाने और आबादी एक लाख से अधिक हो जाने के कारण वह भारत सरकार के अमृत योजना के अंतर्गत शामिल होने की क्राइटेरिया में आ गया है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से मांग करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा प्रतापगढ़ के नगरीय क्षेत्र नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ को भारत सरकार के अमृत योजना में सम्मिलित कराने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।